उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 29 आषाढ़, शक संवत्, 1931
**( दिनांक : 20 जुलाई, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अन्तर्गत राज्य विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2007-08 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 104 (4) के अन्तर्गत राज्य विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2007-08 का वार्षिक लेखा सदन के पटल पर रखेंगे।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

8. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

9. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. गन्ना मंत्री, उत्तराखण्ड {उत्तर प्रदेश गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) अधिनियम, 1953} (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

12. गन्ना मंत्री, उत्तराखण्ड {उत्तर प्रदेश गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) अधिनियम, 1953} (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

13. वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

14. उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के निवासियों को जाति प्रमाण-पत्र लेने में आ रही परेशानियों के संबंध में, श्री प्रेमानन्द महाजन, श्री तिलक राज बेहड़ एवं डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य विधान सभा द्वारा नियम 54 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर चर्चा **(एक घण्टा)**।

15. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

16. जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा अध्ययन में हो रही दिक्कतों के संबंध में श्रीमती आशा नौटियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

17. जनपद उधमसिंह नगर के सितारगंज ब्लाक में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सितारगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नानकमत्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शक्तिफार्म में लम्बे समय से तैनात कर्मचारियों द्वारा कार्य पर ठीक़ से ध्यान न देने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 20 जुलाई, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2009
का द्वितीय सोमवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 29 आषाढ़, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 20 जुलाई, 2009 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>29.06.2009 | **. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरखण्ड के पर्वतीय क्षेत्र में चकबन्दी की प्रकिया प्रारम्भ कर दी गयी है? यदि नहीं, तो चकबन्दी प्रक्रिया कब तक प्रारम्भ कर दी जायेगी? | राजस्व |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

श्री ओम गोपाल रावत
09.04.2009

*1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस कर्मियों की सुरक्षा हेतु अब तक कुल कितने बुलेट प्रूफ जैकेटें किनकी संस्तुति पर कब–कब खरीदी गयी? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त बुलेट प्रूफ जैकेटों की गुणवत्ता तथा क्षमता क्या है तथा इनकी कीमत क्या है? क्या इन जैकेटों की गुणवत्ता तथा क्षमता का परीक्षण किया गया था? यदि हां, तो किनके द्वारा तथा इसके परिणाम क्या थे? क्या यह सत्य है कि निम्न स्तर की इन बुलेट प्रूफ जैकेटों के कारण जाबांज पुलिस अधिकारियों/कर्मियों की जान जोखिम में डाली जा रही है? अब तक उक्त बुलेट प्रूफ जैकेटों को कहां–कहां तथा किन–किन के प्रयोगार्थ वितरित किया गया? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जो बुलेट प्रूफ जैकैटें 9 एम0एम0 पिस्टल/कारबाईन की गोलियां सहन नहीं कर पाई क्या वे आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त अत्याधुनिक हथियार जनरल पर्पज मशीनगन, ए0के0–56, ए0के0–47 के गोलियों की बौछार को सहन कर पायेगी? क्या मुख्यमंत्री उपरोक्त बुलेट प्रूफ जैकेटों का परीक्षण उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर निम्न स्तर की खरीद करने वाले अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही करेगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री ओम गोपाल रावत
13.04.2009

*2. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में ग्राम सभा भैंसर्क के अन्तर्गत कण्डारी गांव व मुण्डयासाल गांवों में गत वर्ष हुए भू–स्खलन से वहां के निवासियों के आवासीय मकान व कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हो गई है? क्या भू–स्खलन से प्रभावित गांवों के प्रस्तावित विस्थापन की सूची में उपरोक्त स्थान के निवासियों को सम्मिलित किया गया हैं? यदि हां, तो किन–किन प्रभावितों को सम्मिलित किया गया है? यदि नहीं, तो उक्त गांव को वंचित किये जाने के क्या कारण है तथा उपरोक्त स्थान के निवासियों को कब तक विस्थापित किया जायेगा?

आपदा प्रबन्धन

श्री ओम गोपाल रावत
13.04.2009

*3. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कुल ऐसे कितने गांव है जो भूस्खलन प्रभावित होने के कारण पूर्ण रूप से एवं आंशिक रूप से विस्थापित किये जाने है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगे कि विस्थापन के लिए क्या नीति बनायी गयी है? क्या परिवार के प्रत्येक बालिग सदस्य को परिवार की एक इकाई मानकर विस्थापित किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आपदा प्रबन्धन

काजी निजामुद्दीन
22.04.2009

*4. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में ट्रैफिक प्लान न होने के कारण यात्रा सीजन, अर्द्ध कुम्भ, कुम्भ एवं अन्य पर्वों पर जनपद के राष्ट्रीय राज मार्ग स्थित सभी शहरों में जाम की स्थिति बनी रहती है? यदि हां, तो सरकार यातायात को व्यवस्थित करने के लिए शीघ्र कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
20.05.2009

*5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के अन्तर्गत स्थापित कुमांऊ इंजीनियरिंग कालेज–द्वाराहाट को एन0आई0टी0 का दर्जा दिलाने हेतु केन्द्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा गया है? यदि हां, तो कब और इसके साथ प्रदेश के कितने इंजीनियरिंग कालेजों का प्रस्ताव एन0आई0टी0 का दर्जा दिलाने हेतु केन्द्र सरकार को भेजा गया हैं?

तकनीकी शिक्षा

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
25.05.2009

*6. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राज्य आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण की नीति क्या है? अल्मोड़ा जनपद तथा बागेश्वर जनपद में अब तक कितने आन्दोलनकारियों का चिन्हीकरण किया जा चुका है?

गृह

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
26.05.2009

*7. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों का मास्टर प्लान तैयार करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कौन–कौन से शहरों का मास्टर प्लान (सिजरा प्लान सहित) तैयार हो गया है और वह कब तक लागू हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

आवास

श्री केदार सिंह रावत
01.06.2009

*8. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश संख्या :–77/XXVII (7) / 2009 दिनांक 01 मार्च, 2009 में वर्णित अनुभाग अधिकारी तथा निजी सचिव के बढ़े हुए दायित्व जिनके आधार पर उनकों उच्चतर वेतनमान अनुमन्य किया गया है, के निवर्हन की सुनिश्चितता निर्धारित करने हेतु क्या उपाय किए गए है तथा इसका अनुश्रवण किस प्रकार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो शासनादेश में इसका उल्लेख किए जाने का क्या औचित्य है?

सचिवालय प्रशासन

श्री केदार सिंह रावत
01.06.2009
श्री महेन्द्र सिंह माहरा
16.06.2009

*9. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश में ओवरड्राफ्ट की क्या स्थिति रही है तथा इन महीनों में स्वीकृत सीमा से कितना अधिक का ओवरड्राफ्ट लिया गया है? क्या यह सत्य है कि माह अप्रैल 2009 में सरकार राजकीय कर्मचारियों को वेतन देने की स्थिति में भी नही रही है? यदि हां, तो क्यों?

वित्त

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>02.06.2009<br>श्री सुरेन्द्र राकेश<br>15.06.2009<br>श्रीमती अमृता रावत<br>17.06.2009<br>श्री नारायण पाल<br>22.06.2009 | *10. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विद्युत कटौती की जा रही है? यदि हां, तो क्यों? क्या विद्युत कटौती को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कोई कदम उठाये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>02.06.2009 | *11. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विदेशी नागरिकों द्वारा जमीन क्रय की गई है? यदि हां, तो कब? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विदेशी नागरिकों को प्रदेश में भूमि क्रय करने के लिए कोई नियम है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.06.2009 | *12. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधायकों के विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास करने तथा निर्मित योजनाओं का लोकार्पण करने के लिए सरकार द्वारा क्या नीति–रीति तैयार की गई है तथा शिलान्यास अथवा लोकार्पण समारोह में क्षेत्रीय विधायक की क्या भूमिका निर्धारित की गई है? क्या यह सत्य है कि क्षेत्रीय विधायक को उसके ही विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत एवं निर्मित योजनाओं का शिलान्यास अथवा लोकार्पण करने से वंचित करने हेतु शासनादेश जारी किया गया है? क्या सरकार योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण हेतु निर्धारित नीति–रीति/प्रक्रिया में परिवर्तन किए जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>03.06.2009 | *13 क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दून महायोजना (मास्टर प्लान) के लिए जौनल प्लान तैयार करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो इस दिशा में अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>10.06.2009 | *14 क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एम0डी0डी0ए0 में कितने अधिकारी/कर्मचारी कब–कब से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है का पूरा विवरण क्या है? तीन वर्ष से अधिक अवधि से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण क्या है तथा इनको कब तक इनके मूल विभाग को वापस भेज दिया जाएगा? | आवास |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>10.06.2009 | *15. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एम0डी0डी0ए0 क्षेत्रान्तर्गत देहरादून तथा मसूरी शहर में चिन्हित एवं अतिक्रमित भूमि/भवन कौन–कौन से हैं तथा इनको हटाये जाने हेतु कब–कब और क्या–क्या कार्यवाही की गई? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अतिक्रमणों से दोनों शहरों को कब तक मुक्त कर दिया जाएगा यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है? | द्वितीय गुरूवार के तारांकित 17 में स्था0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>10.06.2009 | *16. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एम0डी0डी0ए0 द्वारा देहरादून तथा मसूरी शहर में विगत चार वित्तीय वर्षो में किन–किन हाउसिंग सोसाइटीज को विकास शुल्क में छूट प्रदान की गई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विकास शुल्क में छूट प्रदान किए जाने का औचित्य एवं विधिक आधार क्या है? क्या सरकार कानून के समक्ष समानता तथा एकरूपता के सिद्वांत के अनुसार समस्त हाउसिंग सोसाइटीज को विकास शुल्क में छूट प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो विभेदकारी नीति अपनाये जाने के क्या कारण हैं? | आवास |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>12.06.2009 | *17. क्या मुख्यमंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान आर्थिक मंदीकरण के दौर में राज्य की आर्थिक स्थिति के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये हैं? | वित्त |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>12.06.2009 | *18. क्या मुख्यमंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि 2 अक्टूबर, 1994 की उत्तराखण्ड आंदोलन के दौरान मुजफ्फरनगर (रामपुर तिराहे) कांड में कितने आंदोलनकारी लापता हुये हैं? क्या सरकार द्वारा उनकी तलाश हेतु कदम उठाये हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? सरकार लापता आंदोलनकारियों के परिवारों के कल्याणार्थ क्या कदम उठा रही हैं? | गृह |
| श्री नारायण पाल<br>12.06.2009 | *19. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि वर्तमान में प्रदेश के मैदानी जनपदों ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार व देहरादून में रहने वाले अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु 40 वर्षो से निवास की बाध्यता व तीन पीढ़ियों का ब्यौरा मांगे जाने के नियम के कारण इस वर्ग के सैकड़ो छात्र/छात्राएं व रोजगार में जाने वाले युवाओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो मुख्यमंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उपरोक्त विषय पर कोई स्पष्ट व सरलनीति निर्धारित हुई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों और कब तक नीति निर्धारित की जायेगी? | सामान्य प्रशासन |
| **श्री राजेश जुवांठा**<br>**12.06.2009** | *20. **आश्वासन समिति के विचाराधीन विषय।** | ऊर्जा |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>10.06.2009 | 1. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एम0डी0डी0ए0 के वार्षिक लेखा विवरण किस वित्तीय वर्ष से सदन के पटल पर रखे गऐ है? इनको सदन के पटल पर न रखे जाने के क्या कारण रहे तथा इस विलम्ब के लिए कौन दोषी है? क्या लम्बित लेखा विवरण विधान सभा के आगामी सत्र में सदन के पटल पर रख दिए जाऐंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री यशपाल बेनाम<br>11.06.2009 | 2. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चमोली जिले के घाट ब्लांक में धुर्मा कुगेड़ से मोख मल्ला तक सड़क निर्माण करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>11.06.2009 | 3. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल की ऊर्जा से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्रांक VIP/8076/2008 दिनांक 10.10.2008 तथा पत्रांक VIP / 8076 /XXX–1/2009 दिनांक 12.03.09 के साथ अग्रसारित पत्रों में वर्णित समस्याओं पर की गई कार्यवाही का बिन्दुवार विवरण क्या है तथा कृत कार्यवाही से प्रश्नकर्ता को अवगत न करवाए जाने के कारण क्या है? | ऊर्जा |
| **श्रीमती अमृता रावत<br>11.06.2009** | 4. **आश्वासन समिति के विचाराधीन विषय।** | ऊर्जा |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>12.06.2009 | 5. क्या मुख्यमंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से गम्भीरतम बीमारियों के उपचारार्थ धन स्वीकृत किया जाता है? यदि हां, तो वे बीमारियां कौन–कौन सी हैं एवं 2007–08, 2008–09 वित्तीय वर्ष में कुल कितनी धनराशि इन बीमारियों के उपचारार्थ स्वीकृत की गयी है? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री राजेश जुवांठा<br>12.06.2009 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग में अनुसूचित जाति के कौन–कौन सी श्रेणी के कितने पद रिक्त है? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>12.06.2009 | **7.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में वर्ष, 2002 के बाद स्वीकृत सड़कों की संख्या क्या है तथा स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य गन्तव्य स्थान तक पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>12.06.2009 | **8.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा 25 अगस्त, 2006 को धामंद्यो जनपद अल्मोड़ा में शहीद दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय लोहाघाट में क्रीड़ा स्थल के विस्तारीकरण हेतु रू0 10 लाख/राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षा में अंग्रेजी व संस्कृत विषय की स्वीकृति एवं राजकीय महाविद्यालय लोहाघाट में विज्ञान एवं वाणिज्य भवन के निर्माण कार्यों की घोषणायें की गयी थी? यदि हां, तो उक्त घोषणाओं में अब तक क्या प्रगति हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>15.06.2009 | **9.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 10 दिसम्बर, 2008 को रूड़की (जनपद हरिद्वार) में एक छात्र को थाना कोतवाली रूड़की के आरक्षी द्वारा बिना कारण ही लाठी का प्रहार कर, हाथ की हड्डी तोड़ देने के जुर्म में मुकदमा संख्या –161/09, दिनांक 23.04.09 थाना कोतवाली रूड़की द्वारा अभियुक्त करार दिया गया था? यदि हां, तो अब तक पुलिस द्वारा प्रतिवादी के विरूद्ध कोई कार्यवाही न किए जाने के क्या कारण है? क्या सरकार उत्पीड़ित छात्र को जनहित में न्याय दिलाना सुनिश्चित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>16.06.2009 | **10.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 25 अगस्त, 2006 को धामंद्यो जनपद अल्मोड़ा में शहीद दिवस के अवसर पर राजकीय पॉलिटैक्निक लोहाघाट में आयुर्वेदिक फार्मेसी विषयों के संचालन हेतु घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो उक्त संदर्भ में अब तक क्या प्रगति हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>16.06.2009 | **11.** क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में संचालित आगंनबाड़ी केन्द्रों पर विगत वित्तीय वर्ष 2008–09 में कितने दिनों के लिये पोषाहार दिया गया? क्या वर्तमान में पोषाहार आपूर्ति चालू है? यदि नहीं, तो आगामी वर्षो हेतु पोषाहार की क्या व्यवस्था की गयी है? | **बाल विकास** |
| श्री गणेश जोशी<br>16.06.2009 | **12.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि हिल्ट्रॉन के माध्यम से जो दैनिक वेतनभोगी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं उन्हें पिछले 5–6 माह से मानदेय नहीं दिया गया? यदि हां, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या सरकार दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सूचना प्रौद्योगिकी** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>16.06.2009 | **13.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोई आपदा प्रबन्धन नीति बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या जो नीति निर्धारित की गयी है वह राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर की गयी है एवं नीति निर्धारण के मानक क्या है? उक्त नीति के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र राजपुर देहरादून में कितना कार्य कराया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मयूख महर<br>16.06.2009 | **14.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में गत दो वर्षो में दैवीय आपदा से राहत हेतु कुल कितनी धनराशि आवंटित की गयी है एवं आपदा राशि को आवंटित करने हेतु केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा क्या मानक शर्ते निर्धारित की गयी है तथा जनपद को आवंटित राशि वि0ख0 वार किस तरह आवंटित किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि आपदा राशि से कुल कितने नव निर्माण कराये गये है एवं आपदा कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व आपदा स्थल के फोटो ग्राफ लिये गये तथा किसी सक्षम अधिकारी की संस्तुति ली गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>16.06.2009 | **15.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि प्रश्नकर्ता के द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 15.10.2008 के सापेक्ष मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिलाधिकारी हरिद्वार को प्रेषित पत्र संख्या–VIP/8336/XXXV–1/2008(2) देहरादून दिनांक 17 अक्टूबर, 2008 जो जनपद हरिद्वार के लक्सर के के0वी0 इण्टर कॉलेज की भूमि, जो लक्सर के समीप मुरनी–खतीरपुर के रक्बे में स्थित है, का अधिग्रहण कर राजकीय महाविद्यालय, लक्सर को हस्तान्तरित किए जाने से सम्बन्धित है, पर अग्रिम कोई कार्यवाही नहीं की गयी? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में राजकीय महाविद्यालय हेतु उक्त भूमि का हस्तान्तरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>16.06.2009 | **16.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून अन्तर्गत थानों–सूर्यधार–सनगांव–नाहींकलां–संतेली मार्ग फरवरी–2004 से स्वीकृत है किन्तु अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>16.06.2009 | **17.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून अन्तर्गत इठारना से देवली तक मोटर मार्ग स्वीकृत है? यदि हां, तो निर्माण कार्य अभी तक प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? | **लोक निर्माण** |
| श्री बृजमोहन कोटवाल<br>17.06.2009 | **18.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि गढ़वाल विश्वविद्यालय से सम्बद्व निजी बी0एड0 कालेजों में वर्ष 2007–2008 तथा 2008–2009 में कट आफ मेरिट से नीचे अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिये जाने से आरक्षित वर्ग के पात्र छात्र–छात्राओं के लिए आरक्षित स्थान सामान्य वर्ग को दिया गया है? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार इस स्थिति को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है? | **उच्च शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>17.06.2009 | **19.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के सिद्धपीठ ताड़केश्वर मन्दिर के विद्युतीकरण हेतु विद्युत पोल स्थापित किए गए है किन्तु एक लम्बी अवधि व्यतीत हो जाने के बाबजूद भी अभी तक विद्युत लाइन का निर्माण नहीं किया जा सका है? यदि हां, तो विद्युत पोल कब स्थापित किए गए थे और विद्युत लाइन का निर्माण अभी तक न किए जाने के कारण क्या है तथा कब तक विद्युतीकरण कर दिया जायेगा? | ऊर्जा |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>17.06.2009 | **20.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी में स्वीकृत सर्किट हाउस के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही कर ली गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो उसमें भवन आदि बनाने की कार्यवाही की जा रही है तथा कब तक भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा? | **तृतीय सोमवार के अता0 11 में स्था0** |
| श्री नारायण पाल<br>17.06.2009 | **21.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड ओखलकॉडा व धारी में वर्ष 2003 से 2009 तक कितने नये मार्ग स्वीकृत हुए और इनमें से कितने मार्ग पूर्ण हो चुके है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ओखलकॉडा के अन्तर्गत चोरगलिया–मीडार मोटर मार्ग, धारी के अन्तर्गत पलडा–कनरका–देवनगर मोटर मार्ग, पलडा से सामुदायिक भवन तक सी0सी0 मार्ग में कितना कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>17.06.2009 | **22.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड चकराता, कालसी में कुल कितनी कृषि भूमि है? | राजस्व |
| श्री मयूख महर<br>18.06.2009 | **23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत दो वर्षो में जनपद पिथौरागढ़ में कुल कितनी सड़कें स्वीकृत हुयी है तथा प्रत्येक सड़क हेतु स्वीकृत राशि, रोड़ की लम्बाई वि0ख0 वार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त कितनी सड़कों की निविदा 40 प्रतिशत या इससे ज्यादा कम थी? क्या 40 प्रतिशत से न्यून योजनाओं को विभाग स्वीकृत करता है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि इसमें कितनी रोड़ों में कार्य प्रारम्भ हुआ है और कितनी प्रगति में है? क्या उक्त रोडें निर्धारित समय में पूर्ण हो जायेगी यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>18.06.2009 | **24.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में विकास खण्ड, रायपुर के अन्तर्गत हरिद्वार रोड़ (जोगीवाला से मोहकमपुर) पर पुलिस चौकी के समीप (पेट्रोल पम्प के आगे) आज तक कई मार्ग दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं? यदि हां, तो क्या सरकार पेट्रोल पम्प के दोनों और स्पीड ब्रेकर एवं जेब्रालाइन बनाये जाने पर विचार करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>19.06.2009 | **25.** क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मौन पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कोई कार्य योजना हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्यान** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>19.06.2009 | **26.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित किये जा रहे ग्रोथ सेंटर, सिगड़डी में लगने वाले उद्योग में स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु 70 % आरक्षण लागू है? यदि हां, तो क्या आरक्षण का अनुपालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्योग** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>19.06.2009 | **27.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि कोटद्वार देवीरोड–चित्तरखाल मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य विद्युत पोलों के कारण बाधित हो रहा है? क्या यह सत्य है कि उक्त के कारण लगातार मार्ग दुर्घटनाओं का भय बना रहता है? यदि हां, तो क्या सरकार इन विद्युत पोलों को हटाने की कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.06.2009 | **28.** विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–01 के उत्तर के क्रम में क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अब तक एक मंजिला पटवारी चौकियों को द्विमंजिला बनाये जाने के सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है तथा इस हेतु वित्तीय संसाधनों की क्या व्यवस्था की गई है और कब तक इन एक मंजिला चौकियों को द्विमंजिला बनाए जाने की योजना है? | **राजस्व** |
| श्री मयूख महर<br>19.06.2009 | **29.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 2007 में हुयी अतिवृष्टि से प्रभावित जौरासी तथा ओगला के पीड़ितों के पुर्नवास हेतु सरकार ने क्या कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मयूख महर<br>19.06.2009 | **30.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में जिला प्लान में स्वीकृत पीपली–धिंगरानी लिंक मोटर मार्ग के धन स्वीकृत होने के उपरान्त अभी तक उसमें कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त लिंक मार्ग को बनाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>19.06.2009 | **31.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत पीपली में कार्यरत पुलिस चौकी को वहॉ से अन्यत्र स्थानान्तरित कर दिया गया है? यदि हां, तो पीपली क्षेत्र में स्थित सरकारी एवं अर्द्वसरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की कोई व्यवस्था की गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>19.06.2009 | **32.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य निर्माण के पश्चात् प्रदेश को केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत सड़कों के निर्माण हेतु कितना धन प्राप्त हुआ? क्या केन्द्रीय सड़क निधि से प्राप्त धन के माध्यम से सड़कों का निर्माण समयावधि में हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या जनपद देहरादून के अन्तर्गत चकराता क्षेत्र में दारागाड़–त्यूनी, आराकोट मोटर मार्ग निर्माण के लिए उक्त निधि से धन आवंटित हुआ है? यदि हां, तो मोटर मार्ग का निर्माण हो चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.06.2009 | **33.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1345/विधायक/18–राजस्व/2008–09 दिनांक 19 दिसम्बर, 2007 के साथ पट्टी पटवारी गुराड़स्यूं, वृत नं0–3 के प्रति प्रधान ग्रामसभा भैड़गांव तथा प्रधान ग्रामसभा संगलाकोटी, विकास खण्ड एकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल के संयुक्त हस्ताक्षरों से प्राप्त शिकायत जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को कब प्राप्त हुई है और शिकायत में वर्णित तथ्यों पर अब तक की गई कार्यवाही के परिणामों का विवरण क्या है? क्या दोषी पट्टी पटवारी को कब तक स्थानान्तरित कर दिया जायेगा? | राजस्व |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>22.06.2009 | **34.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड आन्दोलन के दौरान जनपद रूद्रप्रयाग के कितने आन्दोलनकारियों को जो आन्दोलन में सम्मिलित थे, चिन्हित किया गया है? वर्ष 2007 से अब तक कुल कितने आन्दोलनकारियों को सरकारी सेवा में सेवायोजित किया गया तथा कितनों को सम्मानित किया है? क्या सरकार वर्षवार ब्यौरा बताने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री नारायण पाल<br>22.06.2009 | **35.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में शहीद व घायल हुए आन्दोलनकारियों की संख्या कितनी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर व नैनीताल में ऐसे कुल कितने आन्दोलनकारी चिन्हित हुए हैं, जिनको सरकारी रोजगार अथवा सम्मान, पेंशन प्रदान की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या शहीद हुए आन्दोलनकारियों के आश्रितों को भी रोजगार पेंशन सहायता दी जा रही है? यदि हां, तो इनकी संख्या कितनी है? | गृह |
| श्री मयूख महर<br>22.06.2009 | **36.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में ओगला–पत्थरकोट मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति होने के बाद भी मोटर मार्ग निर्माण हेतु निविदा क्यों आमंत्रित नही की गयी है? यदि हां, तो कब तक निविदा आमंत्रित कर मार्ग निर्माण प्रारम्भ किया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>22.06.2009 | **37.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गुत्तरपेड़–काशीरामपुर–तल्ला–लालपानी सनेह क्षेत्र में सेतु का निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है? यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त क्षेत्र में सेतु निमार्ण कार्य प्रारम्भ करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>22.06.2009 | **38.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि विकास खण्ड भटवाड़ी जनपद उत्तरकाशी अन्तर्गत ग्राम अठानी के क्यूला नामे तोक में बादल फटने भूस्खलन से वर्ष 2004 में फसल सहित कृषि भूमि गौशालायें, सिंचाई गूल, सम्पर्क मार्ग इत्यादि क्षतिग्रस्त हो गये थे? क्या यह सत्य है कि कुछ प्रभावित काश्तकारों को सहायता राशि का वितरण किया जा चुका है किन्तु कुछ प्रभावित काश्तकारों को सहायता राशि का भुगतान तहसील द्वारा नही किया गया है? यदि हां, तो अवशेष परिवारों को अनुमन्य सहायता राशि का भुगतान कब तक कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री यशपाल आर्य<br>22.06.2009 | **39.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामगढ़ में नैकाना नामक स्थान पर एक 2 × 3 M.V.A., 33/11 K.V. के विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना हेतु उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन द्वारा भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है? यदि हां, तो वर्ष 2006 में स्वीकृत स्थापना कार्य पर निर्माण प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण हैं? | **ऊर्जा** |
| श्री नारायण पाल<br>23.06.2009 | **40.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के ब्लाक सितारगंज में स्थित सम्पूर्णानन्द शिविर खुला कारागार के अधीन कुल कितनी भूमि हैं एवं कृषि भूमि क्षेत्र कितना है? वर्ष 2007–2008 व वर्ष 2008–2009 में फसल विक्रय से अब तक कितना धन अर्जित हुआ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विगत वर्षो की तुलना में राजस्व अर्जन क्या हैं? | **गृह** |
| श्री मयूख महर<br>23.06.2009 | **41.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है? क्या इस योजना में सीमा से लगे क्षेत्रों में वरीयता से रोड़ निर्माण का प्राविधान है? यदि हां, तो क्या इस क्रम में जौलजीवी से झूलाघाट को जोड़ने वाली रोड़ के शेष भाग को अति शीघ्र बनाने में सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री मयूख महर<br>23.06.2009 | **42.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में सुवालेख रसैपाटा मोटर मार्ग पर निविदा होने के छः माह उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है तथा उक्त मोटर मार्ग पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण पाल<br>24.06.2009 | **43.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर में विधान सभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत राज्य योजना के तहत धौधा फार्म के निकट कटना नदी पर बसगर तिलियापुर, शान्तिपुरी को जोड़ने हेतु 36 मी0 स्पान प्रीस्ट्रैस कंक्रीट सेतु का निर्माण प्रस्तावित हैं? क्या उपरोक्त के प्रारम्भिक आगणन विभाग द्वारा शासन को प्राप्त हो चुके हैं? यदि हां, तो इन सेतुओं का निर्माण कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>24.06.2009 | **44.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि कोटद्वार विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम पुलिण्डा में भू–स्खलन के कारण गांव की पूरी आबादी खतरे की जद में है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम को पुनर्वासित करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>01.06.2009 | **45.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून के पुराने जिला कारागार में स्वाधीनता आंदोलन के नायक पं0 जवाहर लाल नेहरू से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहर को संजोये रखने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगे कि सभी धरोहर सुरक्षित हैं? यदि नही, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>09.06.2009 | **46.** क्या नागरिक उड्डयन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में फाटा से केदारनाथ धाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं से हैलीकाप्टर सेवा कम्पनियों द्वारा अधिक किराया वसूला जा रहा है? यदि हां, तो सरकार इसे रोकने के क्या प्रयास कर रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>30.06.2009 | **47.** क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के जोशीमठ तथा बद्रीनाथ में भवन निर्माण पर प्रतिबन्ध लगाया गया है? यदि हां, तो प्रतिबन्ध लगाये जाने के क्या कारण है तथा प्रतिबन्ध को कब तक हटाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **आवास** |
| श्री मयूख महर<br>22.06.2009 | **48.** क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ हवाई पट्टी के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण करने के तीन वर्ष उपरान्त भी अभी तक हवाई पट्टी के विस्तारीकरण का कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? क्या निकट भविष्य में उक्त कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **नागरिक उड्डयन** |